राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने की मुलाकात

### तीन मंत्रियों के इस्तीफ़े सौंपे
### राज्यपाल ने किए स्वीकार

जयपुर, 20 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार सायं राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने राज्यपाल को केबिनेट मंत्री श्री रघु शर्मा, श्री हरीश चौधरी और राज्य मंत्री श्री गोविंद सिंह डोटासरा के इस्तीफ़े सौंपे। राज्यपाल श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री की संस्तुति पर तत्काल प्रभाव से  यह स्वीकार कर लिए।